

# सनातन जीवो उत्थान सेवा ट्रस्ट (रजि०) ग़ाज़ियाबाद

## SANATAN JEEVO UTTHAN SEVA TRUST

# दया धर्म का मूल है

हर धर्म हमेशा कहता है- हर जीव से अपना नाता है सबके दुख दर्द होते है क्यो दिखते नहीं ये रोते है आओ मिलकर विचार करे हम सब जीवो से प्यार करे।

यह संस्था भारत सरकार द्वारा प्रमाणित है!
सभी दान दाताओं द्वारा संस्था में दिया गया दान 80G एवं 12A के तहत आयकर मे छूट देता है

A/c no. 727101010050404
IFSC CODE : UBIN0572713
Union Bank of india

Scan for Payment

Office Mobile No: 7678429116 Contact Numbers: 9999332006, 9999332008, 9650218797
Email ID: sanatanjeevoust@gmail.com Website: sjust.co.in Instagram Handle: help_hub_sjust

# हमारे बारे में

## Our Story & Introduction

“**सेवा ही धर्म हैं, धर्म का मूल दया है** : एक प्रेरणादायक जीवन यात्रा“ **सनातन जीवो उत्थान सेवा ट्रस्ट ( रजि०) सन 2016**. एक ऐसी घटना जिसने दो भाइयों के जीवन को हमेशा के लिए बदल दिया।

सड़क किनारे एक असहाय गौ माता पड़ी थी—घायल, कमजोर और दर्द से कराहती हुई। उस समय न अनुभव था, न संसाधन. लेकिन दिल में करुणा थी। उसी करुणा ने **विकाश कुमार** और **ललित कुमार** को सेवा के रास्ते पर आगे बढ़ाया। यहीं से शुरुआत हुई **“ सनातन जीवो उत्थान सेवा** की— जो आज एक सेवा नहीं, बल्कि एक मिशन बन चुकी है।

दो भाइयों का अटूट संकल्प :- **संकल्प: ब्रह्मलोक से गर्भ लोक द्वारा पृथ्वी लोक पर आए प्रत्येक जीव/ जीवात्मा की सुरक्षा एवं सहयोग करना हमारा परम धर्म एवं दायित्व है जिसके लिए हम वचनबद्ध हैं!**
**विकाश कुमार** और **ललित कुमार** ने मिलकर यह ठाना— **“जहाँ तक हमारी पहुँच होगी, वहाँ तक कोई भी इंसान या जीव असहाय नहीं रहेगा।”** शुरुआत के दिनों में जब सेवा का अनुभव कम था, कई बार हालात ऐसे बने जब मन घबरा जाता था, हिम्मत टूटने लगती थी। लेकिन उन्हीं पलों में एक मजबूत सहारा हमेशा साथ रहा— बड़े भाई **विकाश कुमार** का। जब भी **ललित कुमार** को कभी भी परेशानी होती या पीछे हटने की सोचते, तब उनके बड़े भाई ने हर बार उन्हें संभाला, समझाया और आगे बढ़ने की ताकत दी।
**“हर मुश्किल में मेरे भाई ने मुझे मोटिवेट किया, हर कदम पर साथ दिया, और कभी भी मुझे पीछे हटने नहीं दिया।”** यही आपसी भरोसा और भाईचारा आज इस सेवा की सबसे बड़ी ताकत है। ——— संघर्षों से भरा सफर यह रास्ता आसान नहीं था!
• कई बार प्रशासनिक बाधाओं का सामना करना पड़ा • लोगों की अनदेखी और आलोचना भी झेलनी पड़ी
• सबसे बड़ी चुनौती रही आर्थिक (Financial) कमी कई बार ऐसे हालात बने जब सेवा जारी रखना मुश्किल लगने लगा, लेकिन हर बार एक ही सोच ने हौसला दिया— **“अगर हम रुक गए, तो इन बेसहारा लोगों और जीवों का क्या होगा?”** सेवा का विस्तार (2016 से निरंतर) “सनातन जीवो उत्थान सेवा ट्रस्ट द्वारा किए जा रहे प्रमुख कार्य—
• सड़क पर पड़े मेंटली असहाय लोगों की मदद • भूखे और जरूरतमंदों को भोजन व वस्त्र प्रदान करना • घायल और बीमार जानवरों का इलाज • सड़क पर मृत जानवरों का सम्मानपूर्वक अंतिम संस्कार • गरीब बेटियों की शादी में सहयोग • समय समय पर वृक्षारोपण करना • समय समय पर रक्तदान शिविर लगाना।
इनका एक ही विश्वास है— **“इंसानियत हर रूप में है, और सेवा हर रूप की होनी चाहिए।”**

**हमारा विज़न (भविष्य की दिशा)** :- आज **विकाश कुमार** और **ललित कुमार** का सपना और बड़ा है— वे समाज के लिए स्थायी सुविधाएँ बनाना चाहते हैं:
🐾 जानवरों के लिए • घायल जानवरों के लिए Animal Ambulance • बेसहारा पशुओं के लिए Shelter (आश्रय स्थल) 👴 मानव सेवा के लिए • आश्रम (Home) • सड़क पर पड़े लोगों को उठाने और अस्पताल पहुँचाने के लिए Ambulance सेवा 👰 सामाजिक सहयोग • गरीब बेटियों की शादी के लिए आवश्यक सामग्री और आर्थिक सहायता • गरीब एवं अशिक्षित समाज को शिक्षित बनाना एवं उन्हें गलत एवं सही प्रत्येक बातों से अवगत कराना • प्रत्येक बीमार एवं लाइलाज बीमारी से ग्रस्त व्यक्ति को मेडिकल सुविधा मुहिया कराना • अपने देश के सभी युवाओं को अपनी नैतिक जिम्मेदारियों को सीखाने का कार्य करना।

आपका सहयोग क्यों जरूरी है यह मिशन सिर्फ दो भाईयों का नहीं, बल्कि पूरी मानव जाति का है। : **क्या करना उस जिंदगानी का जिसका कोई आधार नहीं व्यर्थ ही जीवन जाएगा यदि किया कोई उपकार नहीं।** इन सभी सेवाओं को और बेहतर बनाने के लिए संस्था को आवश्यकता है—
• एंबुलेंस की व्यवस्था • पशु शेल्टर के लिए भूमि और संसाधन • वृद्धाश्रम निर्माण हेतु सहयोग • गरीब बेटियों की शादी के लिए आर्थिक व सामग्री सहायता !
**“ सनातन जीवो उत्थान सेवा ट्रस्ट ”** एक उम्मीद है— उनके लिए, जिनके पास कोई नहीं है। **विकाश कुमार** और **ललित कुमार** की यह यात्रा हमें सिखाती है कि— अगर दिल में सेवा का भाव हो, और साथ में अपने का सहारा हो, तो हर मुश्किल आसान हो जाती है। **“ हर जीव में ईश्वर है, और उसकी सेवा ही सच्चा धर्म है ”**

# हमारी सोच

## OUR VISION & MISSION

### 🌅 दृष्टिकोण (Vision)

ब्रह्मलोक से गर्भ लोक द्वारा पृथ्वी लोक पर आए प्रत्येक जीव/ जीवात्मा की सुरक्षा एवं सहयोग करना हमारा परम धर्म एवं दायित्व है जिसके लिए हम वचनबद्ध हैं

### 🚀 मिशन (Mission)

- घायल जानवरों का इलाज और रेस्क्यू
- सड़क पर पड़े लोगों की सहायता
- गरीब बेटियों की शादी में सहयोग
- रक्तदान और स्वास्थ्य शिविर
- समाज में सेवा की भावना फैलाना

> "जो बोल नहीं सकते, उनकी आवाज़ बनना ही सच्ची सेवा है|"

| 2016 | 1000+ | 200+ | 100+ | 15000+ | 500+ | 200+ |
|---|---|---|---|---|---|---|
| से सेवा में लगे हुए | परिवारों की मदद | भंडारे का आयोजन | बेटियों की शादियों में सहयोग | सूचनाएं (घायल, असहाय, पीड़ित, मरे हुए जीवों का अंतिम संस्कार, आदि) | वालंटियर समस्त उत्तर प्रदेश में | रक्त दान शिविर |


























# हमारी यात्रा

## FROM A SMALL BEGINNING TO A BIG MISSION

सन् **2016** में छोटे स्तर से शुरू हुई यह सेवा आज एक बड़े मिशन का रूप ले चुकी है। सीमित संसाधनों के बावजूद, हमारी टीम ने हर कदम पर निस्वार्थ सेवा को ही अपना लक्ष्य बनाया।

### 2016 — नींव रखी
छोटी टीम के साथ पशु सेवा और गरीबों की मदद की शुरुआत। पहला रेस्क्यू — सड़क पर घायल गौ माता।

### 2017 — सेवा का पहला विस्तार
घायल पशुओं के इलाज, भूखों को भोजन और जरूरतमंदों तक सहायता पहुँचाने का कार्य बढ़ा। समाज में पहचान बननी शुरू हुई।

### 2018 — रक्तदान अभियान
पहला विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। सैकड़ों लोगों की जान बचाने में सहयोग मिला।

### 2019 — मानव सेवा की नई दिशा
मेंटली असहाय लोगों की मदद, वस्त्र वितरण और गरीब परिवारों की सहायता के कार्य तेज़ हुए।

### 2020 — कोरोना संकट में सहारा
महामारी के कठिन समय में भूखे परिवारों तक राशन और भोजन पहुँचाया गया। जरूरतमंदों को हर संभव मदद दी गई।

### 2021 — राहत और पुनः सेवा
कोविड के बाद भी दवाइयाँ, भोजन और जरूरतमंद परिवारों को सहायता पहुँचाने का कार्य जारी रहा।

### 2022 — पर्यावरण और समाज सेवा
वृक्षारोपण अभियान, जनजागरूकता कार्यक्रम और सामाजिक सहयोग के कई नए कार्य शुरू किए गए।

### 2023 — सम्मान एवं विस्तार
समाज सेवा के लिए अनेक सम्मान प्राप्त हुए। टीम और कार्यक्षेत्र का विस्तार हुआ।


### 2024 — नई पहचान
संस्था की पहचान और मजबूत हुई। ज्यादा लोगों का विश्वास और सहयोग जुड़ता गया।

### 2025 — बड़े सपनों की तैयारी
एंबुलेंस सेवा, पशु शेल्टर और वृद्धाश्रम जैसी योजनाओं पर कार्य शुरू हुआ।

### 2026 — नई ऊँचाइयाँ
सेवा मिशन को और बड़े स्तर पर ले जाने का संकल्प। समाज के हर जरूरतमंद तक पहुँचने की दिशा में निरंतर कदम।





05 — ANIMAL WELFARE

# गौ सेवा एवं पशु संरक्षण

## Cow & Animal Welfare

हमारी संस्था निरंतर **गौ सेवा** और **पशु संरक्षण** में लगी हुई है। हम मानते हैं — जानवरों की रक्षा करना हमारी सनातन परंपरा का अभिन्न हिस्सा है।

| | |
|---|---|
| **घायल गायों का इलाज एवं देखभाल** | **सड़क दुर्घटना में घायल पशुओं का रेस्क्यू** |
| **पशुओं के लिए भोजन एवं पानी** | **पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन** |

"जो बोल नहीं सकते, उनकी आवाज़ बनना ही सच्ची सेवा है।"








# मानव सेवा कार्य

## HUMAN WELFARE ACTIVITIES

हम सिर्फ पशु सेवा तक सीमित नहीं हैं। सड़क पर पड़े **असहाय इंसानों, गरीब बच्चों** और **बुजुर्गों** की मदद करना भी हमारी प्राथमिकता है।

- **भंडारा एवं खाद्य वितरण**
- **बुजुर्गों एवं बेसहारा लोगों की मदद**
- **गरीब बच्चों को खाना-कपड़े**
- **इलाज की व्यवस्था एवं सहायता**







"कोई भी इंसान भूखा या बेसहारा न रहे — यही हमारा संकल्प है।"








# बेटी विवाह सहायता

## MARRIAGE ASSISTANCE & SOCIAL WORK

हम **गरीब और जरूरतमंद परिवारों की बेटियों की शादी** में सहयोग करते हैं। बिना किसी भेदभाव के आर्थिक, सामाजिक और भावनात्मक सहायता प्रदान की जाती है।

| | |
|---|---|
| **आर्थिक सहायता प्रदान करना** | **आवश्यक सामान की व्यवस्था** |
| **सामाजिक सहयोग और उपस्थिति** | **परिवार का मान-सम्मान बनाए रखना** |

> "एक बेटी की मुस्कान हमारी सबसे बड़ी सफलता है।"



















**अब तक दर्जनों परिवारों की बेटियों की शादी में हम सहयोगी बने हैं।**

# हमारी टीम और वालंटियर्स

## Our Dedicated Team of Volunteers

हमारी टीम में **समर्पित** और **निस्वार्थ वालंटियर्स** हैं जो हर परिस्थिति में, दिन हो या रात — बिना किसी स्वार्थ के सेवा करते हैं।





| | |
|---|---|
| 💪 **हर परिस्थिति में तत्पर सेवा** | 🌙 **दिन-रात निर्बाध सेवाकार्य** |
| ❤️ **बिना किसी स्वार्थ के समर्पण** | 🤲 **समाज की भलाई में विश्वास** |

"टीमवर्क से ही सेवा का विस्तार संभव है।"







# भविष्य की योजनाएँ

## OUR VISION FOR TOMORROW

हम आने वाले समय में सेवा को और बड़े स्तर पर ले जाना चाहते हैं। इसके लिए हमें **समाज के सहयोग की आवश्यकता है।**

### एंबुलेंस सेवा
24×7 एंबुलेंस सेवा शुरू करना — ताकि जरूरत के समय तुरंत मदद मिल सके।

### शेल्टर होम (आश्रय स्थल)
बेसहारा बुजुर्गों और बच्चों के लिए स्थायी आश्रय स्थल बनाना।

### पशु आश्रय स्थल (गौशाला)
घायल और बेसहारा पशुओं के लिए स्थायी गौशाला और पशु चिकित्सालय।

### नि:शुल्क शिक्षा केंद्र
गरीब बच्चों के लिए मुफ्त शिक्षा और कौशल विकास केंद्र की स्थापना।

**आपका एक कदम हमारे सैकड़ों सपनों को पूरा करने में मदद कर सकता है।**




















# सहयोग करें — जुड़ें हमसे

DONATE · VOLUNTEER · SUPPORT

## 🙏 आपका सहयोग किसी की जिंदगी बदल सकता है

आपका छोटा सा दान — चाहे **₹100** हो या **₹10,000** — किसी की जिंदगी को नई दिशा दे सकता है।

| | | |
|---|---|---|
| दान करें (Donation) | मदद करे | वालंटियर बनें |

संपर्क करे
**+91 7678429116**

कार्यालय पता
**D - 328, रिवर हाइट्स सोसायटी राजनगर एक्सटेंशन गाजियाबाद (उत्तर प्रदेश) Pin 201017**

ईमेल
**sanatanjeevoust@gmail.com**

UPI/Bank
**A/c no. 727101010050404**
**IFSC CODE : UBIN0572713**
**Union Bank of india**

Instagram · YouTube · WhatsApp · Facebook

Registered NGO
सनातन जीवो उत्थान सेवा ट्रस्ट
SANATAN JEEVO UTTHAN SEVA TRUST · GHAZIABAD

**क्या करना उस जिंदगानी का जिसका कोई आधार नहीं व्यर्थ ही जीवन जाएगा यदि किया कोई उपकार नहीं।**

## "आइए, मिलकर इंसानियत को जिंदा रखे।"

7678429116-: संस्था से जुड़ने के लिए मिस कॉल करें